## न्यूज कार्नर

### पिंकी दीक्षित का निधन, शोक व्यक्त



सीहोर। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार मनोज दीक्षित मामा की अर्धांगिनी और प्रियांशु दीक्षित की माता श्रीमति पिंकी दीक्षित का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा बुधवार को सुबह 10 बजे उनके निज निवास जीवन वाटिका कॉलानी बडियाखेड़ी से इंदिरा नगर शमशान जाएगी। उनके निधन पर सांस्कृतिक मंच ने किया शोक व्यक्त किया सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता संरक्षक अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर राजकुमार गुप्ता, प्रमोद जोशी, चंपा लाल यादव, ए आर शेख, नरेंद्र गोस्वामी, श्रीमती प्रेमलता राठौर पुरुषोत्तम मीणा, श्रीमती सीमा सक्सेना, दीपक राठौड़, कपिल राजोरिया ने शोक व्यक्त किया है। सरल, सौम्य और धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं, जिन्होंने सदैव परिवार एवं समाज के प्रति समर्पण भाव से जीवन जिया। उनके जाने से अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च

**सीहोर** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च है। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुले रहेंगे, ताकि सभी पात्र किसान अपना पंजीयन करा सकें। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे।

जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा।

प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस श्रेणी के किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों एवं सहकारी संस्थाओं को पंजीयन कार्य में सहयोग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं

### कैसे होगी वन्य प्राणियों और वन संपदा की सुरक्षा

# फील्ड के कर्मचारियों को दफ्तरों में अटैच कर कराई जा रही है बाबूगिरी

**जागरण, सीहोर।** वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए नियुक्त मैदानी अमले से कार्यालयीन कार्य कराए जाने के आरोपों ने वनमंडल कार्यालय सीहोर को चर्चा में ला दिया है। आरोप है कि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वनरक्षकों एवं वनपालों से किसी भी परिस्थिति में कार्यालयीन कार्य न कराया जाए, उसके बावजूद सीहोर वनमंडल में फील्ड स्टाफ को दफ्तरों में अटैच कर बाबूगिरी कराई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, डीएफओ कार्यालय में हसीन अहमद सिद्दीकी (स्टेनो शाखा), रंजना शर्मा (स्थापना शाखा), ज्योति राठौड़ (डीएफओ कार्यालय) सहित कई वनकर्मी कार्यालयीन कार्य करते देखे जा सकते हैं। इसी प्रकार एसडीओ कार्यालय में वसीम अहमद, बुधनी एसडीओ कार्यालय में सुदीप दुबे, इछावर में आशा चौधरी, आष्टा रेंज में अमित खेर, डिपो सीहोर में मधु खलको, तथा सीहोर रेंज में माया दोहरे, मालती भल्लवी और वंदना सक्सेना, आशा चौधरी इछावर के अटैच होने की जानकारी सामने आई है। आरोप है कि ये सभी कर्मचारी मूलतः फील्ड ड्यूटी के लिए नियुक्त हैं, लेकिन लंबे समय से कार्यालयों में पदस्थ होकर लिपिकीय कार्य कर रहे हैं। इससे न केवल जंगलों की निगरानी प्रभावित हो रही



है, बल्कि शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों की भी अनदेखी हो रही है।

**कैसे होगी जंगल, वन्य प्राणी और वन संपदा की सुरक्षा**

वन विभाग में वनरक्षकों और वनपालों की भर्ती इस उद्देश्य से की जाती है कि वे जंगल, वन्य प्राणी और वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित करें। लेकिन यदि यही मैदानी अमला दफ्तरों में बैठकर कागजी कार्य करेगा तो फील्ड स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होना स्वाभाविक है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि सीहोर वनमंडल अंतर्गत कई क्षेत्रों में अवैध उत्खनन, अवैध कटाई, वन्य प्राणियों के शिकार, वन भूमि पर अतिक्रमण और वनोपज के अवैध परिवहन की घटनाएं बढ़ी हैं।

**वन क्षेत्र में काम करे तो थमे अवैध कटाई**

आरोप यह भी है कि वनमंडल अधिकारी अर्चना पटेल के कार्यकाल में वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों का पालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। फील्ड स्टाफ को कार्यालयों में अटैच कर कार्य लेने की जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि फील्ड में पदस्थ कर्मचारियों को नियमित रूप से बीट और रेंज स्तर पर कार्य करने दिया जाए, तो अवैध गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण संभव है। विभागीय नियमों के अनुसार वनमंडल अधिकारी और उप वनमंडल अधिकारी का दायित्व है कि वे क्षेत्रीय निरीक्षण करें और वन सुरक्षा से जुड़ कार्यों की मानिटरिंग करें। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जिन कर्मचारियों को नियमों के विरुद्ध कार्यालयों में अटैच किया गया है, उन्हें तत्काल फील्ड में भेजा जाए। साथ ही, आदेशों की अवहेलना करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए।

**नहीं रहते मुख्यालय पर**

जिले के वन क्षेत्र में कई वनकर्मी ऐसे है, जो वन क्षेत्र में तैनात है, लेकिन वह बीट मुख्यालय पर नहीं रहते है। इससे वनों की सुरक्षा खतरे में है। अपने वन क्षेत्र की जगह मुख्यालयों यानि शहरी क्षेत्र में रहते है। बाइक से यह लोग बीट का भ्रमण कर लौट जाते है। ऐसे में शासन की मंशा पर पानी फेर रहे है।

## चंद्र ग्रहण के साए में दोपहर 3.20 बजे से सड़कों पर दिखा लॉकडाउन सा नजारा



**जागरण, सीहोर।** होली के उल्लास के बीच मंगलवार को जिलेवासियों ने एक अद्भुत खगोलीय घटना का नजारा देखा। पूर्ण चंद्रग्रहण के चलते दोपहर से ही जिले में कर्फ्यू जैसा माहौल नजर आया। दोपहर 3.20 बजे से जैसे ही ग्रहण की हलचल शुरू हुई, सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। नजारा कुछ ऐसा था जैसे कोविड.19 के समय लॉकडाउन लगा हो। हालांकि जरूरी काम के लिए लोग बाहर निकले और कुछ दुकानें भी खुली रहीं, लेकिन आम दिनों की तुलना में चहल-पहल बेहद कम रही। जिले के आसमान पर शाम को 'ब्लड मून' यानी तांबे जैसा लाल चंद्रमा दिखाई दिया। विशेषज्ञों के अनुसार यह पूर्ण चंद्रग्रहण था, लेकिन सीहोर सहित देश के कई हिस्सों में यह अपने अंतिम चरण (ग्रस्तोदय) में दिखा। शाम 6.25 बजे जैसे ही चंद्रोदय हुआ, लोगों को लाल चंद्रमा नजर आया। जिलेवासियों को इस खगोलीय घटना को देखने के लिए मात्र 22 मिनट का समय मिला, क्योंकि शाम 6.47 बजे ग्रहण का प्रभाव समाप्त हो गया।

**इसलिए लाल दिखाई दिया चांद**

वैज्ञानिकों के अनुसार जब चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया से गुजरता है, तो पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य की नीली रोशनी को बिखेर देता है और केवल लाल प्रकाश ही चंद्रमा तक पहुंच पाता है। इसी कारण ग्रहण के दौरान चंद्रमा गहरे लाल या तांबे के रंग का दिखाई देता है, जिसे विज्ञान की भाषा में ब्लड मून कहा जाता है।

**नग्न आंखों से सुरक्षित रहा दीदार**

विशेषज्ञों ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि चंद्रग्रहण को नग्न आंखों से देखना पूरी तरह सुरक्षित है। इसके लिए किसी विशेष फिल्टर की आवश्यकता नहीं थी, इसलिए शाम होते ही कई लोग अपने घरों की छतों से इस दृश्य को देखने पहुंचे। दोपहर 4.34 से 5.32 बजे तक पूर्ण ग्रहण की स्थिति रही, लेकिन जिले में चंद्रोदय देरी से होने के कारण शाम 6.25 बजे अंतिम हिस्सा ही दिखाई दे सका।

## आग बुझाने पानी पिलाने के लिए विधायक ने दिया फाइटर टैंकर



**जागरण, सीहोर।** गर्मी के दिनों में क्षेत्र में होने वाली आगजनी की घटनाओं के रोकथाम और सार्वजनिक कार्यक्रमों में नागरिकों को पानी उपलब्ध कराने के लिए विधायक सुदेश राय ने ग्राम पंचायत हिनौती को फाइटर पानी का टैंकर प्रदान किया। विधायक कार्यालय में ग्राम पंचायत के लिए फाइटर पानी का टैंकर प्राप्त करने पहुंचे सरपंच रघुनाथ सिंह दांगी और पंचो सहित ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत कर ग्राम पंचायत को फाइटर टैंकर उपलब्ध कराने पर आभार व्यक्त किया। इस शुभ अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर,सांसद आलोक शर्मा ग्रामीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ग्राम वासियों को सभी प्रकार की सुविधा भाजपा सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्राम पंचायत हिनौती के लिए फाइटर पानी टैंकर उपयोगी सिद्ध होगा। फसल के साथ घर मकान दुकानों में लगने वाली आग को बुझाने सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र में होने वाले सामाजिक धार्मिक राजनीतिक कार्यक्रमों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी पीने का पानी उपलब्ध कराने में भी फाइटर पानी का टैंकर काम आएगा। टैंकर में पानी सप्लाई के लिए मोटर भी लगी हुई है जिससे कि किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ग्राम पंचायत को नहीं होगी।

### बेटियां और महिलाएं दिखाएँगी अपना दम

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 09 मार्च को प्रातः 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियाँ, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में 13 वर्ष अधिक की बालिकाएं एवं महिलाएं भाग ले सकती हैं।

## होली पर बताशे-बर्तन देने की प्रथा बंद

**जागरण, सीहोर।** जिले के ग्राम चन्देरी सहितराय पुरा, फन्दा, बिलकिसगंज, छापरी, सेवनिया, बड़वेली, थूना, खामलिया, चोण्डी, तज, अमरौद, रामाखेड़ी, अल्हादाखेड़ी सहित सभी गावों के मेवाड़ा राजपूत समाज ने एक अहम सामाजिक निर्णय लिया है। मेवाड़ा राजपूत समाज के सीहोर जिला अध्यक्ष नारायण सिंह पटेल बताया कि होली पर बताशे और बर्तन देने की प्रथा बंद करने का फैसला किया है। यह निर्णय समाज की एकजुटता और प्रगति को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। होली के अवसर पर पारंपरिक रूप से गमी वाले घर पर रिश्तेदारों या समाज में बताशे और बर्तन देने की जो परंपरा चली आ रही थी, उसे अब समाप्त किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों का मानना है कि इस परंपरा से आर्थिक बोझ बढ़ता है, अनावश्यक दिखावा और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है। समाज में समानता और सरलता प्रभावित होती है। फैसले का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना, फिजूलखर्ची पर रोक लगाना, समाज के आर्थिक रूप से



कमजोर वर्ग को प्रगति की ओर ले जाना, नई पीढ़ी को सरल और सकारात्मक परंपराओं की ओर प्रेरित करना। सामाजिक संदेश किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने कहा कि प्रदेश व जिले के मेवाड़ा व राजपूत समाज का यह निर्णय दर्शाता है कि परंपराओं में समयानुसार बदलाव करना जरूरी है, खासकर जब वे आर्थिक या सामाजिक रूप से बोझिल बन जाएं। उन्हाने सभी सामाजिक बन्धुओं से विशेष अपील की है कि वे इस निर्णय का पालन करें और समाज को प्रगति की राह पर ले जाने के लिये आपसी सौहार्द व एकजुटता का परिचय दें। ताकि यह कदम अन्य समाजों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है क्योंकि सामूहिक सहमति से सामाजिक सुधार संभव है। श्री मेवाड़ा ने होली के इस पावन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त सकारात्मक मूहिम का असर वर्तमान में देखने को भी मिल रहा है और मैं आशा व्यक्त करता हूं कि समाजहित में चलाई जा रही यह मूहिम शत् प्रतिशत सफल होगी।

### निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

**सीहोर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026,27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल 222.1.पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026,27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निश्शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा।

### किसानों ने परिवार और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पहल की

# तीन गांव में अनोखी होली दहन पर किसानों ने ली शराब छोड़ने की शपथ

**जागरण, सीहोर।** होली के पावन पर्व पर मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के तीन गांव चंदेरी, रामाखेड़ी एवं कुलासखुर्द की धरती पर एक अनोखा और प्रेरणादायक कार्य किया गया। इन गांवों के किसानों ने पारंपरिक होली दहन किया, बल्कि इस दहन के साथ ही नशे और शराब को जलाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो किसानों ने एक जुटता के साथ शराब छोडने की शपथ ली और नशा मुक्त समाज बनाने का निर्णय लिया। किसानों का कहना था कि जब होली दहन में बुराइयां को जलाया जाता है तो हमें भी कुछ त्याग करना चाहिए। आज हम शराब जैसी बुराइयों को त्यागने की शपथ लेते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत होली दहन के साथ हुई तीनों गांव के किसान एक जूट होकर होली की अग्नि में नशे और शराब के प्रतिक को जलाया। तत्पश्चात सभी उपस्थित किसानों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि आज के बाद हम सब उपस्थित किसान शराब नहीं पियेंगे। हम अपने परिवार और समाज को नशा मुक्ति रखेंगे। इस शपथ ग्रहण में विशेष रूप से शामिल रहे किसान रमेश चंद वर्मा, राम सिंह मेवाड़ा, मोतीलाल मेवाड़ा, अचल सिंह, पदम सिंह, बटन सिंह, जसराज सिंह, नरेश, विकास, रूप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि बुराइयों को जलाने और अच्छाईयों की नई शुरुआत का प्रतीक है। आज हमने शराब जैसी लत को जलाया है। यह शपथ लेकर शब्द नहीं बल्कि जीवन बदलने का संकल्प है। हम चाहते हैं कि हमारे गांव नशा मुक्त हो, जिससे कि बच्चे सुरक्षित और परिवार खुशहाल हो किस समाज में शराब की लत ने कई परिवारों को बर्वाद किया है और जब समय आ गया कि हम खुद बदलाव लाएं।





**किसानों की भावना और सामाजिक संदेश**

हम लोग रोज खेतों में मेहनत करते हैं लेकिन शराब ने कई किसानों की जिंदगी बर्वाद कर दी है। आज हमने शपथ ली है कि अब शराब नहीं पियेंगे। यह होली हमारे लिए अच्छाईयों की नई शुरुआत है। ग्राम रामाखेड़ी के किसान मोतीलाल ने कहा कि गांव में कई परिवार शराब की वजह से कर्ज में डूब चुके हैं, उनके घर बर्वाद हो गये हैं। कार्यक्रम में मौजूद अन्य किसानों ने भी कहा कि यह शपथ केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक है। हम सब चाहते हैं कि पूरा गांव नशा मुक्ति बने जिससे कि आने वाली पीढियें स्वस्थ शिक्षित रहे। इस दौरान नारे लगाए गए नशा छोड़ों जीवन जोड़ो, होली दहन में बुराइयां जलाओ, नशा मुक्त गांव बनाओ, सामाजिक और राजनीतिक मायने है, यह कार्यक्रम केवल एक होली दहन नहीं था, बल्कि सामाजिक जागरूकता का बड़ा संदेश था। सीहोर जिले के इन तीनों गांव में किसान समाज में खुद पहल करके नशा मुक्ति का संकल्प लिया है। स्थानीय स्तर पर इसे बहुत सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कई सामाजिक कार्यकर्ता संगठन इसे मॉडल के रूप में देख रहे हैं, ताकि गांव में भी ऐसी अभियान चलाया जा सके।

यह अभियान आगे भी जारी रहेगा व विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी किसानों ने एक साथ नशा मुक्त भारत नशा मुक्ति मध्य प्रदेश का नारा लगाया। यह संकल्प होली के मौके पर एक अलग संदेश लेकर आयेगा तथा रंगों के साथ-साथ बुराइयां को भी जलाई और नई जिंदगी की शुरुआत का सीहोर जिले के इन तीनों गांव में केवल होली मनी, बल्कि समाज के लिए मिशाल भी पेश की है।

## जिले में होली के अलग-अलग रंग, आज उड़ेगा रंग गुलाल

**पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में 5 मार्च को शहर में मनेगी भव्य महादेव की होली**

**जागरण, सीहोर।** खगोलीय घटना और तिथियों के फेरबदल के बीच इस वर्ष जिले में होली का पर्व अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जा रहा है। जहां जिला मुख्यालय में मंगलवार को ही गैर निकालकर रंगोत्सव की शुरुआत हो गई, वहीं बुधनी, रेहटी और शाहगंज क्षेत्रों में आज बुधवार को रंगों का मुख्य जश्न मनाया जाएगा। बता दें इस वर्ष जिले में सबसे बड़ा आयोजन 5 मार्च को होने जा रहा है। जिला मुख्यालय पर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में भव्य महादेव की होली मनाई जाएगी। इस आयोजन को लेकर भक्तों और शहरवासियों में खासा उत्साह है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर गुलाल महादेव संग होली खेलेंगे। चंद्रग्रहण और सूतक के साये में बदला मुहूर्त बीते कई दिनों से चंद्रग्रहण और भद्रा को लेकर तिथियों पर असमंजस बना हुआ था। हालांकि मंगलवार तड? शुभ मुहूर्त में होलिका दहन के साथ ही संशय दूर हुआ। सीहोर शहर के कस्बा, बाजार और मंडी क्षेत्रों सहित आष्टा में मंगलवार को ही गैर की होली मनाई गई, जबकि बुधनी और रेहटी क्षेत्र में



ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर आज बुधवार को गेर सहित रंग-गुलाल उड़ाया जाएगा। गमी वाले घरों में पहुंची टोलियां जिला मुख्यालय की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए मंगलवार को समाजजनों की टोलियां उन घरों में पहुंचीं, जहां बीते एक वर्ष में किसी परिजन का निधन हुआ था। शोक संतप्त परिवारों को गुलाल लगाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया और उनके दुख को साझा किया गया। आज जिले भर में उत्साह का माहौल बुधनी और शाहगंज बेल्ट में आज सुबह से ही ढोल धमाकों के साथ हुरियारों की टोलियां निकलेंगी।

## न्यूज कार्नर

### मंडीदीप से बरामद हुई किशोरी, आरोपी को भेजा जेल

**जागरण बुधनी** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन तथा एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहगंज दिनेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाबालिग अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है। 24/02/2026 को फरियादी द्वारा थाना शाहगंज में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग भतीजी को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की।विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने अज्ञात आरोपी की लगातार पतारसी की। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता को मंडीदीप स्थित एक होटल से आरोपी के कब्जे से दस्तयाब किया।पुलिस ने नाबालिग को सकुशल बरामद कर आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।मामले में आरोपी अनिकेत वर्मा पिता उपेंद्र वर्मा, उम्र 19 वर्ष, निवासी बनेटा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय बुधनी में पेश किया गया, जहां से उसे उपजेल भेरूदा दाखिल किया गया।

### पार्षद कप में गूंजा क्रिकेट का शोर

**जागरण, इटारसी।** होली के त्यौहार और क्रिकेट के रोमांच का अनोखा संगम वार्ड 8 उत्तरी बंगलिया में देखने को मिल रहा है। सोमवार से दो दिवसीय पार्षद कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। वार्ड पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने स्वयं पिच पर उतरकर बल्लेबाजी की, जबकि आरती बाबरिया ने गेंदबाजी कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण प्रतियोगिता का नया प्रारूप रहा। 5-5 ओवर के मैचों में एक गेंदबाज और एक बल्लेबाज सीधे आमने-सामने रहे, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लगातार 5वें वर्ष आयोजित इस स्पर्धा में वार्ड की 14 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बाबूलाल कैथवास, अजय कश्यप, आशा व नीतू बाबरिया ने भी बल्ले से हाथ आजमाया। खेल में निष्पक्षता के लिए सुनील पथरिया ने कैमरों की व्यवस्था की। मैनेजमेंट में रोहित बाबरिया (कमेंट्री) और राकेश बाबरिया (अंपायर) के साथ राजकुमार, दिलीप, महेश और देवेंद्र बाबरिया ने सहयोग दिया।

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**जागरण, इटारसी।** थाना केसला क्षेत्र के अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना बीते दिनों हुई। जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए 23 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनिकेत पिता रामकिशोर चौहान उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम मरियारपुरा थाना केसला, एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में आई गंभीर चोटों के कारण उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल अनिकेत का इलाज डीएसपीएम अस्पताल इटारसी में चल रहा था। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद, 26 फरवरी की सुबह लगभग 9:30 बजे अनिकेत ने दम तोड़ दिया। अस्पताल की ओर से मेमो प्राप्त होने पर पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूर्ण की।

### पेयजल शिकायतों के लिए बना कंट्रोल रूम

**जागरण, हरदा।** ग्रीष्मकाल में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07577.223212 है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने ग्रामीण क्षेत्रों में हेण्डपम्प व नल जल योजना बंद होने की सूचना संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक के लिये अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। अनुरेखक अशोक कुमार सावनेर को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को पंजी में दर्ज करने एवं निराकरण हेतु सहायक यंत्री व उपयंत्री को अवगत कराने हेतु बिल वितरक संतोष जोशी व हेण्डपम्प तकनीशियन विजय बेन की ड्यूटी लगाई गई है। इस हेतु प्रभारी सहायक यंत्री श्रीमती संगीता धापकरी मोबाइल नंबर 8962459031, उपयंत्री हरदा ज्योति महोबिया मोबाइल नंबर 9340444219 से संपर्क किया जा सकता है।

---

होली का उत्सव आजः गमी वाले परिवारों तक पहुंचेंगे लोग

# शुभ मुहूर्त में किया गया होलिका का दहन, बाजारों में लौटी रौनक




**जागरण बुधनी।** रंगों का त्योहार होली आज मनाया जाएगागली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजारों तक हर ओर उल्लास और उमंग का माहौल है। होली की पूर्व संध्या पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में होलिका दहन किया। जगह-जगह लकड़ी और उपलों का संग्रह किया गया तथा बच्चे उत्साहपूर्वक इन तैयारियों में भाग ले रहे हैं। इस वर्ष तिथि को लेकर हल्का असमंजस जरूर है, लेकिन लोगों के जोश और आस्था में कोई कमी नहीं दिख रही।नगर के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे और होली से जुड़ी पारंपरिक सामग्री की दुकानों पर दिनभर रौनक बनी रही। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को खास तरीके से सजाया है, जिससे पूरा बाजार रंग-बिरंगा और आकर्षक दिखाई दे रहा है।रंगों की विभिन्न वैरायटियांहर्बल गुलाल, सुगंधित अबीर और प्राकृतिक रंग—ग्राहकों को लुभा रहे हैं। वहीं युवाओं और बड़ों में भी पारंपरिक गुलाल और सुरक्षित रंगों की खरीदारी का रुझान बढ़ा है।

बच्चों में खास उत्साह, कार्टून पिचकारियों की धूमबच्चों में रंग-बिरंगी और आकर्षक पिचकारियों को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बाजार में इस बार कई नई डिज़ाइन की पिचकारियां आई हैं। खासतौर पर डोरेमोन पिचकू थीम वाली पिचकारियां बच्चों की पहली पसंद बनी हुई हैं।इसके अलावा टैंक गन और लंबे पाइप वाली पिचकारियां भी बाजार में आकर्षण का केंद्र हैं। होली के अवसर पर मिठाइयों की खरीदारी भी जोरों पर है। नगर की प्रमुख मिठाई दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। खासकर गुझिया, मालपुआ, नमकीन और अन्य पारंपरिक पकवानों की मांग में इजाफा हुआ है। कई परिवार पहले से ही घरों में पकवान बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं।होली केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि रिश्तों को जोड़ने का पर्व भी है। नगर में कई स्थानों पर यह परंपरा देखने को मिलती है कि जिन परिवारों में हाल ही में गमी (शोक) हुई है, वहां भी लोग सादगी के साथ पहुंचकर गुलाल लगाते हैं और सांत्वना देते हैं। यह परंपरा आपसी सद्भाव, संवेदना और सामाजिक एकता का संदेश देती है। लोग ऐसे परिवारों के दुख में सहभागी बनकर उन्हें यह अहसास कराते हैं कि वे अकेले नहीं हैं। संवेदनशील स्थानों पर प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है और गश्त भी तेज कर दी गई है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके। प्रशासन ने नागरिकों से शांति और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की है।हर ओर उत्साह और उल्लास का माहौल कुल मिलाकर पूरे नगर में उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है। बाजारों की रौनक, बच्चों की खिलखिलाहट और घर-घर में चल रही तैयारियों ने होली की खुशियों में चार चांद लगा दिए हैं।रंगों, मिठास और भाईचारे का यह पर्व एक बार फिर नगरवासियों को आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दे बुधनी में गमी वाले परिवारों तक पहुंचेंगे लोगहोली के दिन शोकग्रस्त घरों में सादगी से गुलाल लगाकर देंगे ढांढस, निभाई जाएगी सामाजिक परंपरा। रंगों और उमंग का पर्व होली केवल उत्सव और उल्लास का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता, अपनत्व और संवेदनशीलता का भी संदेश देता है। नगर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत होली के दिन ऐसे परिवारों के घर भी लोग पहुंचते हैं, जिनके यहां हाल ही में गमी (शोक) हुई है। होली के अवसर पर जब पूरा नगर रंगों में सराबोर रहता है, ढोल-नगाड़ों की धुन और अबीर-गुलाल की खुशबू से वातावरण महकता है।

---

# रेल जंक्शन पर बिजली संकट यात्रियों का फूटा गुस्सा



**जागरण, इटारसी**

मध्य प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण रेल जंक्शनों में शुमार इटारसी रेलवे स्टेशन इन दिनों अव्यवस्थाओं का केंद्र बना हुआ है। स्टेशन पर लगातार हो रही बिजली कटौती ने रेल यात्रियों की कमर तोड़ दी है। विशेषकर टिकट काउंटरों पर बिजली गुल होने से पूरा सिस्टम ठप हो जाता है, जिससे यात्रियों को भीषण गर्मी और उमस के बीच घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है।

आजकल अधिकतर यात्री फोन-पे या अन्य यूपीआई माध्यमों से भुगतान करते हैं। बिजली गुल होने पर नेटवर्क और सिस्टम की समस्या के कारण पेमेंट बीच में ही अटक जाता है। जिन यात्रियों के पास सीमित बैंक बैलेंस है, उनके लिए यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है क्योंकि पैसे कट जाते हैं और टिकट भी नहीं मिल पाता।

## सिस्टम ठप, ट्रेनें छूटने का डर

स्थानीय यात्रियों और बाहर से आए मुसाफिरों ने बताया कि टिकट काउंटर पर बिजली जाते ही कंप्यूटर और टिकट प्रिंटिंग मशीनें बंद हो जाती हैं। स्थिति यह है कि यात्रियों को आधे से एक घंटे तक केवल एक टिकट के लिए इंतजार करना पड़ता है। कई बार तो टिकट मिलने में देरी के कारण यात्रियों की ट्रेनें तक छूट जा रही हैं। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि टिकट काउंटरों के लिए तत्काल एक हाई-कैपेसिटी जनरेटर या बड़ा पावर बैकअप सिस्टम लगाया जाए। लोगों का कहना है कि जब रेलवे करोड़ों का राजस्व वसूलता है, तो बुनियादी सुविधाएं देने में इतनी लापरवाही क्यों?

## कर्मचारियों को सुननी पड़ रही खरी-खोटी

इस अव्यवस्था का खामियाजा केवल यात्रियों को ही नहीं, बल्कि काउंटरों पर बैठे रेल कर्मचारियों को भी भुगतना पड़ रहा है। परेशान यात्री अपना गुस्सा कर्मचारियों पर निकालते हैं, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि बिना उचित पावर बैकअप के कार्य करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है।

---

# चंद्र ग्रहण से मंदिरों के पट रहे बंद सूतक समाप्त होते ही पहुंचे श्रद्धालु

**जागरण बुधनी।** चंद्र ग्रहण के प्रभाव के चलते सलकनपुर देवी मंदिर सहित नगर व आसपास के क्षेत्रों में स्थित मंदिरों के पट निर्धारित समय पर बंद कर दिए गए थे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल में सूतक लगने के कारण मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना और दर्शन व्यवस्था स्थगित रखी गई। सूतक की अवधि समाप्त होते ही शाम 7:30 बजे के बाद मंदिरों के पट विधि-विधान के साथ पुनः खोले गए, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन किए।ग्रहण प्रारंभ होने से पूर्व ही मंदिरों में विशेष तैयारियां कर ली गई थीं। कई स्थानों पर देव प्रतिमाओं को ढंक दिया गया और नियमित आरती एवं भोग की प्रक्रिया को विराम दिया गया। पुजारियों द्वारा बताया गया कि शास्त्रीय परंपराओं के अनुसार ग्रहण काल में पूजा स्थगित रखी जाती है और श्रद्धालुओं को भी घरों में जप-ध्यान करने की सलाह दी जाती है।सूतक समाप्त होते ही प्रातःकाल मंदिरों में शुद्धिकरण की प्रक्रिया संपन्न की गई। गर्भगृह और परिसर की सफाई कर गंगाजल से छिड़काव किया गया।

इसके पश्चात विधिवत मंत्रोच्चार, आरती और विशेष पूजा-अर्चना के साथ देवालयों के पट आम दर्शनार्थ खोले गए।मंदिर खुलते ही श्रद्धालुओं पहुंचे दर्शन के बाद लोगों ने परिवार की सुख-समृद्धि और नगर में शांति की कामना की।नगर के धार्मिक जानकारों ने बताया कि चंद्र ग्रहण को लेकर विभिन्न मत और परंपराएं हैं।

---

# साल का पहला ग्रहण समाप्त होते ही मंदिरों में गूंजे शंख गंगाजल से देवालयों का किया गया शुद्धिकरण

**जागरण, इटारसी।** साल के पहले चंद्र ग्रहण का साया समाप्त होते ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में 'शुद्धिकरण' और 'आस्था' का महापर्व शुरू हो गया है। जैसे ही ज्योतिषीय गणना के अनुसार ग्रहण का मोक्ष काल (समाप्ति) हुआ, पूरे शहर के मंदिरों में शंखध्वनि और घंटों के नाद के साथ सन्नाटा टूट गया और भक्ति का संचार हुआ।



## भगवान ने धारण किए नए वस्त्र

ग्रहण काल समाप्त होते ही शहर के श्रीद्वारिकाधीश मंदिर, बूढ़ी माता मंदिर और हनुमानधाम सहित सभी प्रमुख मंदिरों के पट खोल दिए गए। इसके तुरंत बाद शुद्धिकरण की प्रक्रिया शुरू हुई।

**महा-अभिषेक :** पुजारियों द्वारा गर्भगृह की साफ-सफाई के बाद भगवान की प्रतिमाओं का पंचामृत और गंगाजल से अभिषेक किया।

**श्रृंगार :** ग्रहण के सूतक काल के पुराने वस्त्रों को त्यागकर भगवान को अत्यंत सुंदर नवीन वस्त्र और आभूषण धारण कराए गए।

**पवित्र छिड़काव :** पूरे मंदिर परिसर को धोकर पवित्र जल का छिड़काव किया गया, जिससे वातावरण पुनः सात्विक हो गया।

**पुण्य स्नान :** मान्यता अनुसार ग्रहण के बाद पवित्र नदी में स्नान करने से दोषों का निवारण होता है।

**दान-पुण्य :** स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने मंदिर के बाहर बैठे जरूरतमंदों को अनाज, तिल, गुड़ और वस्त्रों का दान कर पुण्य लाभ कमाया।

## घरों में भी हुआ शुद्धिकरण

केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों ने भी अपने घरों में शुद्धिकरण किया। ग्रहण के दौरान रखे गए भोजन को विसर्जित कर ताज़ा भोजन बनाया गया। तुलसी के पौधों और पूजा घरों में विशेष दीप प्रज्वलित किए गए।

---

# प्रशासन सतर्क, शांति व्यवस्था के लिए निकाला फ्लैग मार्च

**जागरण बुधनी।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कस्बा बुध नी में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने के लिए एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार ललित सोनी एवं थाना प्रभारी एसआई संदीप जाट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च कस्बे के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड, मुख्य चौक-चौराहों तथा चिन्हित संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। पुलिस बल की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना और नागरिकों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया। अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीओपी रवि शर्मा ने आम नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। इसे मिल-जुलकर और शांति के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को साझा करने से बचें। तहसीलदार ललित सोनी ने बताया कि प्रशासन त्योहार के दौरान विशेष निगरानी रखेगा। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि होलिका दहन एवं धुलेंडी के दिन विशेष सतर्कता बरती जाएगी। नगर में शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों से भी संपर्क कर सहयोग लिया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बुदनी में कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि वे त्योहार को हर्षोल्लास, सुरक्षित वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें, जिससे होली का पर्व शांति और उल्लास के साथ संपन्न हो सके।

---

# देर रात हुआ जगह-जगह होलिका दहन, ग्रहण के चलते आज से शुरू होगा पांच दिवसीय रंगों का पर्व

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज)।** इस वर्ष ग्रहण के चलते होलिका दहन के साथ ही शुरू होने वाला पांच दिवसीय रंगो का त्यौहार शुरू नही हो सका और दूसरे दिन मनाए जाने वाला धुलेंडी का त्यौहार भी ग्रहण व सूतक काल के चलते नही मनाया गया। आज बुधवार से रंगों के त्यौहार की शुरूआत होगी और यह त्यौहार आगामी रंगपंचमी तक मनाया जाएगा। क्षेत्र में इस वर्ष अधिकतर स्थानों पर होली के मौके पर लकड़ियो के स्थान पर कंडो की होली जलाई गई। पर्यावरण को बचाने एवं होली में लकड़ियो के स्थान पर कंडो का उपयोग करने के लिए यह पहल आने वाले समय में सार्थक साबित होगी। होली पर्व को लेकर मंगलवार सुबह से ही युवाओं का उत्साह प्रारंभ हो गया था और देर रात को नगर में लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका का दहन किया गया। रात को हुए इस दहन कार्यक्रम में युवाओं ने जमकर इस त्यौहार को मनाया। नगर के सांई चौराहा, आजाद मार्केट, छोटा बाजार, गुड़ बाजार, भाईलाल कालोनी, शास्त्री कालोनी, नीलकंठ रोड़, इंदौर रोड़, सीहोर नाका, कोलार कालोनी, राधेश्याम कालोनी, मामा कालोनी, बजरंग कुटी,नर्मदा कालोनी,ऋषिनगर, किसान मोहल्ला सहित अनेक स्थानों पर युवाओं की टोली ने रतजगा कर होली के गीतों पर डांस किया और परम्परानुसान होलिका का दहन किया। नगर में दो दर्जनों से भी अधिक स्थानों पर हुए होलिका दहन से पूर्व महिलाओं ने दहन स्थलों पर पहुंचकर होलिका की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने गोबर से बने बरबूले भी चढ़ाकर नारियल की भेंट रखकर परिवार की समृद्धि की कामना की।



**परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए की जाती है पूजा**

होलिका दहन से पूर्व महिलाएं होलिका स्थल पर पहुंचकर उसकी पूजा-अर्चना करती है। इस दौरान नरसिंह भगवान व भक्त प्रहलाद का स्मरण कर महिलाएं रोली, मौली, अक्षत और पुष्प अर्पित करती है। इसके बाद होलिका की सात परिक्रमा कर नारियल भेंट किया जाता है। इस दौरान परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हुए सूत के धागे को होलिका के चारो और घुमाते हुए सात बार लपेटा जाता है। होलिका दहन होने के उपरांत होली की आग से घर का चूल्हा जलाया जाता है। इसी दौरान किसान भाई अपने खेतो की गेहूं की बालियों को होली की आग में भूनकर उसे प्रसाद के रूप में परिवार के सभी सदस्यो को दिया जाता है। वहीं होली की भस्म को उठाकर ताबिज में भरकर उसे बच्चों को बांधा जाता है, जिससे बच्चों को नजर व हाय से बचाने की परम्परा है। कई दिनों तक जारी रहता है।

---

दशहरा मैदान और प्रमुख चौक-चौराहों पर मंत्रोच्चार के साथ होली माता के जयकारे गूंजे

# शिवनगर में भव्य होलिका दहन के साथ संपन्न हुआ होली महोत्सव का प्रथम चरण

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** धर्म संस्कृति और लोक-परंपराओं की त्रिवेणी कहे जाने वाले शाहगंज के शिवनगर में इस वर्ष होली महोत्सव ने भव्यता के नए आयाम स्थापित किए हैं। हिंदू उत्सव समिति शिवनगर के तत्वावधान में आयोजित इस पांच दिवसीय महोत्सव की शुरूआत बड़े ही रोचक और उत्साहपूर्ण तरीके से किया गया। मंगलवार की अलसुबह जब पूरा नगर निद्रा में था तब शिवनगर के दशहरा मैदान और प्रमुख चौक-चौराहों पर मंत्रोच्चार और होली माता की जय के साथ होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष विनय भार्गव के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में इस वर्ष की तैयारियां एक सप्ताह पहले से शुरू हो गई थीं और नगर के मुख्य मार्गों को ध्वजा-पताकाओं और विद्युत सज्जा से सजाया गया था। श्री भार्गव ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सनातनी परंपराओं से जोड़ना और आपसी भाईचारे का संदेश देना है। महोत्सव के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि श्रद्धालु और दर्शक बिना किसी असुविधा के इस भव्य उत्सव का आनंद ले सकें। कानपुर के कलाकारों ने बिखेरा जादू, शिव विवाह और भस्म आरती की जीवंत प्रस्तुति




कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उत्तर प्रदेश के कानपुर से आए सुप्रसिद्ध बंटी बावरा जानकी ग्रुप की प्रस्तुतियाँ रहीं। मंच पर जैसे ही कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन शुरू किया, पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव विवाह के प्रसंग ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। भगवान शिव की बारात और माता पार्वती के साथ उनके विवाह के दृश्यों ने साक्षात् कैलाश पर्वत की अनुभूति कराई। साथ ही उज्जैन के विश्वप्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर की गई भस्म आरती के दृश्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डमरू की थाप और शंखों की गूंज के बीच जब कलाकारों ने भस्म आरती का सजीव चित्रण किया, तो भक्त श्रद्धा से झूम उठे। इसी के साथ जब कलाकारों ने मंच पर अघोरी वेशभूषा में तांडव और नृत्य किया तो दर्शकों का उल्लास देखने लायक था। इसके तुरंत बाद भगवान नरसिंह का अवतार और हिरण्यकश्यप वध के प्रसंग को इतनी जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया गया कि लोग अपनी सीटों से उठ खड़े हुए। वहीं अंत में राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने जब फूलों और गुलाल के साथ होली खेली, तो पूरा वातावरण राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

**होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक:भार्गव**

विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया और अग्नि प्रज्वलित होते ही लोगों ने धान की बालियां और नारियल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष विनय भार्गव ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष रूप से विशालकाय होलिका सजाई गई थी, जिसे देखने के लिए देर रात तक लोगों का तांता लगा रहा। होलिका का दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

**रंगपंचमी पर निकलेगा भव्य चल समारोह**

समिति के अध्यक्ष विनय भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 8 मार्च (रविवार) को नगर में रंगपंचमी चल समारोह विशाल रूप में निकाला जाएगा और यह समारोह सुबह 8 बजे दशहरा मैदान से प्रारंभ होगा, जिसमें विभिन्न झांकियां और डीजे-ढोल-नगाड़े शामिल होंगे। शाम को विशेष रूप से बुंदेलखंड के गौरव जय प्रकाश पटेरिया अपनी टीम के साथ बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगे, जो कि इस 5 दिवसीय उत्सव का समापन कार्यक्रम होगा। शाहगंज के नागरिकों ने इस सफल आयोजन के लिए हिंदू उत्सव समिति और विनय भार्गव का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल मनोरंजन होता है, बल्कि समाज में एकता और धार्मिक चेतना का संचार भी होता है।

### आष्टा में लगी जत्रा, ग्राम मैना में हुआ गल महादेव का आयोजन, जावर में उड़ा रंग और गुलाल

# पर्वः होली पर उड़ा जमकर अबीर और गुलाल हिउस ने निकाली गेर





**जागरण, आष्टा।** नगर में तो रंग खेलने का सिलसिला होली दहन के पूर्व हीं शुरू हो गया था, होलीका पूजन के बाद धुलेंडी पर गेर निकली जो शौकसंतप्त परिवारों के यहां पहुची और उन्हें अबीर और गुलाल लगाया। दोपहर तक शौकगेर निकलती रही। तो बच्चे रंग खेलने में व्यस्त रहे। परंपरानुसार नगर में पांच दिनों तक रंग खेला जाता है। उसी के चलते हिन्दू उत्सव समिति द्वारा पांचों दिनों तक रंग की व्यवस्था की जा रही हैं।

धुलेंडी पर पूरे नगर में हिन्दू उत्सव और विभिन्न समाजों की गेर निकली और वे परंपरागत रूप से शौकग्रस्त परिवारों तक पहुचे। इधर युवाओं ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभाकामनाए दी। बच्चों ने सारा दिन जी भरकर रंग खेला। शाम को गल चौराहे पर परंपरागत रूप से लगने वाली जत्रा का आयोजन हुआ। इस जत्रा में रात तक लोगो ने मिट्टी के खिलोने से लेकर अन्य सामग्री क्रय की।

दूसरे दिन भी हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा नगर में होली खेली गई तथा जुलूस निकाला गया। शहर में हो रही पांच दिनों की होली में 3 बजे के बाद दुकाने खुल जाती हैं। इधर हिन्दू उत्सव समिति ने भी सभी से रंग में शामिल होने और अपने प्रतिष्ठान दोपहर 3 बजे तक बंद रखने की अपील की है। होली के दूसरे दिन नगर के बुधवारा स्थित श्री राम मंदिर से जुलुस प्रारंभ हुआ।

जावर के चौराहो पर लोगो द्वारा अपनी-अपनी टोलियों के साथ रंग गुलाल खेला गया। माताचौक एवं अन्नपूर्णा नगर के छोटे-छोटे बच्चो ने भी होली का त्योहार उत्साह व उमंग के साथ मनाया। सुबह से ही बच्चे अपने-अपने मोहल्लो में एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर पानी की बौछारो के साथ होली खेली। नगर के जिनिंग फेक्ट्री, शिवाजी नगर, बस स्टेंड, गांधी चौक, महावीर मार्ग, गंजपुरा, नीमबाखल, पटेलपुरा, भावसार मोहल्ला आदि स्थानो पर भी बच्चों की टोलियां रंग खेलते हुए देखी गई। होली का पर्व नगर के साथ साथ क्षेत्र के मेहतवाड़ा, डोडी, गुराड़िया, ग्वाली, बरछापुरा, ग्वाला, बमुलिया आदि स्थानों पर भी बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया।

ग्राम मैना में होली का दहन चार स्थानो गांधीचोक, लाल इमलीचोक, मंडी के पास, रंगेरा मोहल्ला में होली का दहन किया गया। ग्राम पावखेड़ी में दो कुमड़ावदा एवं सूलखेड़ी मे एक स्थान पर होली का दहन किया गया। मैना में होली पर्व पर गल महादेव का आयोजन होता हैं। इसके चलते गल महादेव के रूप में स्थापित की गई, जिस पर दर्जनों लोग स्वेच्छा से इस पर लटके और उन्हें घुमाया जाता हैं। ग्रामीणों का दावा है कि गल महादेव में हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। दिनेश चंद्रवंशी एवं नरेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी इसे चलाते आ रहे हैं कार्यक्रम सर्वसमाज के लोग सद्भावना समान रूप से मनाते हैं और इस कार्यक्रम में सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गल महादेव का आयोजन धूमधाम से मनाया। यह कार्यक्रम होली के दौरान मनाया जाता हैं, जिसमें सभी समाज के लोग उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाते हैं, जिसमें आसपास के ग्रामों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

### नूहूं के आरोपियों से फिर जब्त हुए 210 पाइप एवं वाहन

# गिरफ्तारः पुलिस ने 18 लाख रु. के पाइप चोरी में 2 आरोपियों को पकड़ा

**जागरण, आष्टा।** लाखों रूपये मूल्य के पाइप चोरी के मामले में एक बार फिर हरियाणा के नूहं के आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, दोनो आरोपियों से पुलिस ने 18 लाख रूपये मूल्य के पाइप जप्त किए हैं। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शासन की योजना के तहत गांव में पाइल लाइन बिछाने का काम चल रहा हैं। इसके तहत ग्राम झड़खेडी में पाइप का स्टाक रखा हुआ था। उक्त स्टाक में से 210 पाइप (डीआई 100 एमएम डाया प्रत्येक की लम्बाई 5.5 मीटर) कीमती 18 लाख रूपये अज्ञात आरोपी चौरी कर ले गए। इस घटना की रिपोर्ट लक्ष्मी सिविल इंजनियरिंग सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के साईट इंचार्ज वैभव पात्रीकर ने सिद्धीगंज पुलिस को की गई। इस संबंध में पुलिस ने रामपुरा बड़ के पास से दो आरोपियों के होने एवं उनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त पाइप अपने पास होने की जानकारी दी, जिसके आधार पर पुलिस ने हरियाणा के नूहं जिले के ग्राम बुबलेंडी से आस मोहमद पिता इसलाम 46 वर्ष एवं ग्राम बुबलेंडी के ही ताहीर पिता सुमेर 45 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चौरी गए 210 पाइप (डीआई 100 एमएम डाया प्रत्येक की लम्बाई 5.5 मीटर) एवं कंटेनर एचआर 38 एक्स 8282 जप्त किया हैं। इस कार्रवाई में आष्टा टीआई गिरीश दुबे, सिद्धीगंज टीआई राजूसिंह बघेल, उनि सूरज परिहार, सउनि अशोक दुबे, आरक्षक कावसिंह रावत, आरक्षक सुरेन्द्र राणा, आरक्षक जीवन जामले, आरक्षक हरिश डोडियार, आरक्षक राजेश राजपूत एवं सैनिक महेश वर्मा आदि शामिल थें।



- एक महिने में दूसरी बार पकडे गए हरियाणा के नूहू में रहने वाले आरोपी
- बाहरी लोगो की नही हैं जानकारी

ज्ञात रहे कि हरियाणा के नूहं जिले के आरोपियों की आष्टा तहसील में उपस्थिति विगत वर्ष हो गई थी, जब वे 30 लाख रूपये मूल्य के पाइप रोलागांव, कन्नौद मिर्जी और भीमपूरा से ट्रको में भरकर ले गए थें। इसके बाद पेट्रोल पंप पर लूट की योजना बनाते हुए गत 13 फरवरी को पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए थें, इसमें मुख्य आरोपी हरियाणा के नूहं जिले का रहने वाला हैं। ताजी घटना भी पाइप चौरी से संबंधित हैं, इसमें भी दोनो आरोपी नूहं जिले के रहने वाले हैं। जिस प्रकार हरियाणा से आरोपी ट्रक में सवार होकर आ रहे हैं और वारदात को अंजाम दे रहे हैं, उससे एक बात तो साफ हैं कि आरोपियों की आमदरफ्त की जानकारी पुलिस को नही हैं। यही कारण हैं कि जावर के ग्राम हकीमपुर खोयरा में आरोपी हत्या कर पंजाब भाग जाते हैं। पुलिस को कई दिनों बाद शव मिलता हैं, तो उसकी पहचान के लिए काफी मशक्कत करना पड़ी थी। इधर राजस्थान से फरार काटने आए आरोपियों ने अपनी कार से बाइक में टक्कर मारी, प्रतिरोध करने पर सरे आम राजमार्ग पर टक्कर से घायल युवक पर गोली चला दी। यह घटनाए बताती हैं कि पुलिस की खूफियां एजेंसी और तहसील की पुलिस और उसके अधिकारी कितने सजग हैं? गोली चलाने वालों में आरोपी शेवी ऊर्फ बाबर अभी फरार हैं, इस पर राजस्थान में हत्या सहित कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं।

# नगर पालिका का साधारण सम्मेलन संपन्न, नगर विकास के 51 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी परिषद की मुहर

**जागरण, आष्टा।** नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता तथा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओं विनोद प्रजापति सहित परिषद सदस्यों की विशेष उपस्थिति में नगरपालिका के सभागार में संपन्न हुआ। नगर विकास की इस महत्वपूर्ण बैठक में 51 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ, उक्त सभी पर एकमत होकर निर्णय लेकर सर्वसम्मति से पारित हुए।

**इंदौर नाका से पार्वती पुल तक होगा रोड़ चौड़ीकरणः**-नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में परिषद ने इंदौर नाका से पार्वती पुल तक रोड़ चौड़ीकरण, डिवाईडर एवं डिवाईडर पोल तथा लाईट स्थापन कार्य को स्वीकृत किया, वहीं विश्राम गृह के पीछे स्थित विसर्जन कुंड का सीसीकरण कर व्यवस्थित किए जाने पर भी विचार किया। साथ ही विश्राम गृह के सामने दुकान निर्माण कार्य की प्राप्त निविदा दरों को स्वीकृति प्रदान की।

**पानी की टंकी एवं इंटेकवेल का होगा निर्माणः**- सीएमओं श्री प्रजापति ने बताया कि परिषद बैठक में वार्ड 4 स्थित पुरानी तहसील के पास लगभग 5 लाख लीटर क्षमता की नवीन पानी की टंकी का निर्माण करने एवं वार्ड 6 रेतीघाट पर इंटेकवेल का निर्माण करने पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार वार्ड 9 में स्थित सामुदायिक भवन के पीछे निर्मित आंगनबाड़ी के आसपास बाउंड्रीवाल निर्माण, वार्ड 11 में पशु चिकित्सालय के पीछे अस्थाई मीटर मार्केट को व्यवस्थित करने, पुराना बसस्टैंड स्थित पुराने पैशाबघर का नवीनीकरण करने, पिछड़ा वर्ग गरीब बस्ती में नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सामुदायिक भवन निर्माण करने, हाथीखाना क्षैत्र में निर्मित पुरानी नाली एवं क्रासिंग के चौड़ीकरण करने, वार्ड 14 में निर्मित पुराना वाचनालय का पुर्नविकास करने, वार्ड 15 में गाड़िया लौहार बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण करने, पुरानी सब्जी मंडी के पुर्नविकास करने पर परिषद ने मुहर लगाई है।



**नए बसस्टैंड स्थित यात्री प्रतिक्षालय का होगा पुर्ननिर्माणः**- सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि वार्ड 18 स्थित नए बसस्टैंड पर निर्मित जर्जर यात्री प्रतिक्षालय का पुर्ननिर्माण करवाने एवं परिसर में डामरीकरण कार्य करने पर विचार किया गया। मैकेनिक नगर में डामरीकरण सीसीकरण कार्य करने पर स्वीकृति व्यक्त की वहीं वार्ड 11, 12, 17 एवं 18 के मध्य अंडरग्राउंड आरसीसी नाले की प्राप्त दरों को परिषद द्वारा स्वीकृत किया गया।

**मुखर्जी मैदान का होगा सौंदर्यीकरणः**- नगर में स्थित मुख्य मुखर्जी मैदान जिस पर बड़ी संख्या में खिलाड़ीगण अभ्यास हेतु आते हैं, उनकी सुविधा के लिए इनडोर स्टेडियम एवं स्टेडियम का सौंदर्यीकरण हेतु परिषद ने स्वीकृति दी।

वहीं साप्ताहिक हाट-बाजार को व्यवस्थित करने, इंदौर-भोपाल रोड़ दरगाह के सामने निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्पलेक्स के दोनों ओर रिक्त भूमि का उपयोग व्यवसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण के साथ पार्किंग व्यवस्था पर भी अपनी सहमति व्यक्त की। जल शुद्धिकरण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की आगामी वित्तीय वर्ष हेतु प्राप्त दरों को स्वीकृत किया गया।

**रोड़-नाली निर्माण कार्य को भी मिली सहमतिः**- वार्ड 3 में प्राचीन हनुमान मंदिर से पाठी के हैंडपंप तक नाला निर्माण, वार्ड 6 रेतीघाट पर घाट निर्माण एवं सीसी रोड़, लंगापुरा चौक एवं रेतीघाट रोड़ एवं माली मंदिर रोड़, आंगनबाड़ी मदरसे के सामने चोक पर सीसी रोड़, वार्ड 7 में चारबत्ती चौराहा से अतुल शर्मा के मकान तक एवं चारबत्ती चौराहा से लीलगर मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड़ निर्माण करने, वार्ड 9 में विभिन्न स्थानों पर हय्यूम पाईप नाली निर्माण करने, वार्ड 11 में हय्यूम पाईप लाईन डालने, वार्ड 11 में सीसी रोड़ निर्माण करने, वार्ड 17 में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य को भी परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। बैठक में पार्षदगण रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, लता तेजपाल मुकाती, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, डॉ. राजकुमार मालवीय, भैय्या मियां, राशिदा हुसैन, मेहमूद अंसारी, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया सहित नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थें।

## न्यूज कार्नर

### जुआरियों से नगदी जब्त

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलते पकड़ा है। इनके पास से 1140 रुपये और एक ताश गड्डी जप्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजाराम उर्फ मुन्ना कोरी, धनपाल कोरी और कल्याण कोरी एवं जगन्नाथ कोरी निवासी ग्राम फरदाई 2 मार्च की शाम को जगन्नाथ कोरी की दुकान के पीछे बगुल्या रोड पर हार-जीत का दांव लगाकर रुपये-पैसों से जुआ खेलते मिले थे। पुलिस ने आरोपियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### फांसी लगाने से मौत

**अशोकनगर।** चन्देरी के कतियापुर मोहल्ला में एक 25 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका प्रगति पत्नि कैलाश अहिरवार ने 2 मार्च की सुबह करीब 10 बजे अपने घर में फांसी लगा ली थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**अशोकनगर।** नहर कॉलोनी में रहने वाले एक 30 वर्षीय युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि आरोपियों को उसने शराब पीने से मना किया था। धर्मवीर सिंह पुत्र अमरीक सिंह सिख ने बताया कि 2 मार्च को 4 लोग संजय स्टेडियम के सामने स्थित गली में शराब पी रहे थे। मैंने उनको शराब पीने से मना किया तो चारों ने मेरे साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने धर्मवीर की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### प्रतियोगिता 6 को

**खंडवा।** 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के तहत खो-खो, कुश्ती एवं कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 6 मार्च को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन गौड़ा ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रातः 8 बजे से आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिले के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेश अनुसार रूपसिंह कलेश जिला खेल अधिकारी को निर्धारित तीनों खेलो की खेल प्रतियोगिता आयोजन की संबंधी समस्त तैयारी करने और प्रतियोगिता के लिए टीमों को आमंत्रित करने तथा रेफरी, कमेंट्रेटर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कलेक्टर ने पूजा कर किया होलिका दहन

### नपा ने दिया स्वच्छता का संदेश, शहर में जगह-जगह हुआ प्रदूषण मुक्त होलिका दहन

**जागरण अशोकनगर।**

रंगों के पर्व होली के अवसर पर शहर के गांधी पार्क चौराहे पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा 15 फीट ऊंचाई की भव्य होलिका दहन का आयोजन किया गया इस आयोजन में कलेक्टर संकेत मालवीय ने सपरिवार उपस्थित होकर होलिका माता एवं भक्त प्रहलाद की पूजा अर्चना की कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए समिति के आयोजकों द्वारा कंडो के साथ होलिका की प्रतिमा को भव्य स्वरूप में सजाया गया था।



जहां दिन भर पूजा अर्चना करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा रात्रि के समय में मुहूर्त अनुसार पूजन करने के जिला कलेक्टर संकेत मालवीय सपरिवार सहित कार्यक्रम स्तर पर पहुंचे जहां उन्होंने होलिका की एवं भक्त प्रहलाद कि पूजा की। तथा पूजन पश्चात होलिका का दहन किया। जिसमें आग की लपटो के बीच होलिका का जल कर राख हो गई एवं भक्त प्रहलाद आग की लपटो से बाहर निकलते हुए दिखाई दिए।

होलिका का सर्वनाश होने की खुशी में लोगों ने जमकर गुलाल के साथ होली खेली एवं एक दूसरे को गुलाल लगाई इस दौरान नगर पालिका द्वारा भी कार्यक्रम स्थल पर होली पर्व के अवसर पर स्वच्छता का संदेश देने के लिए रंगो का पर्व स्वच्छता के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को स्वच्छता एवं प्रदूषण मुक्त होली का त्यौहार मनाने का संदेश देने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से लोगों को होली का पर्व स्वच्छता के साथ मनाने का संदेश दिया गया एवं शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने की अपील की गई इस दौरान कलेक्टर संकेत मालवीय ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि होली का पर्व भाईचारे का त्यौहार है और हम सभी जिले वासियों को यह पर उत्साह के साथ मनाना चाहिए इस पर्व पर स्वच्छता का भी ध्यान रखना चाहिए त्यौहार हम खुशी से मनाये और शहर को स्वच्छ रखने का भी संकल्प लें।

इस आयोजन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, हिंदू उत्सव समिति के जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, धीरज पटवा, नीरज सोनी, मूर्तिकार सीताराम पाल, राहुल सेन, छोटेलाल प्रजापति, कन्हैया राम कुशवाहा, दीपक चौबे, गोलू साहू,बृजेंद्र कुशवाहा, परमानंद प्रजापति, अरविंद प्रजापति, डॉक्टर अशोक लोधी आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव का हुआ निधन



अशोकनगर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और चन्देरी से विधायक रहे राव राजकुमार सिंह यादव का निधन हो गया है। उनके निधन से उनके समर्थकों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। 72 वर्षीय राव राजकुमार सिंह यादव पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और उन्हें उपचार के लिए भोपाल के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान सीएम मोहन यादव ने भी उनसे मुलाकात की थी। मंगलवार को उनका निधन हो गया। राव राजकुमार सिंह यादव राजनैतिक परिवार से वास्ता रखते थे। राजनीति उन्हें उनके पिता से विरासत में मिली थी। 2008 में वे पहली बार भारतीय जनता पार्टी के टिकिट पर चन्देरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे जिसमें उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी डग्गीराजा को हराकर विधायक बनने का मौका पाया था। 2013 में वे डग्गीराजा से चुनाव हार गए थे जिसके बाद 2018 में उन्हें भाजपा ने टिकिट नहीं दिया था तो उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के टिकिट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में राव राजकुमार सिंह यादव 34,302 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे लेकिन उनकी इस बगावत से भाजपा के प्रत्याशी भूपेन्द्र द्विवेदी को कांग्रेस के गोपाल सिंह चौहान ने चार हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया था।

# कांग्रेस के नगर अध्यक्ष बने राहुल शर्मा

**जागरण अशोकनगर।** कांग्रेस कमेटी के शहर नगर अध्यक्ष बने राहुल शर्मा पंडा अध्यक्ष बनने के बाद सर्वप्रथम गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया वही कांग्रेस कमेटी का यह निर्णय अशोक नगर कांग्रेसियों ने बहुत ही अच्छा बता रहे हैं क्योंकि राहुल शर्मा की पकड़ युवाओं में बहुत अधिक है और वह ब्राह्मण समाज से भी आते हैं और वह भी युवा है वही राहुल शर्मा पंडा ने बताया कि बरिष्ठ नेतृत्व जो मुझ पर विश्वास जताया है में उसके अनुरूप कार्य करूंगा में संगठन की विचारधारा, नीतियों और अनुशासन के साथ कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए हर सम्भव प्रयास करूँगा वही कांग्रेस कमेटी के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों एवं गांधी पार्क पर स्वागत कार्यक्रम रखा गया और शुभकामनाएं दी गई इस बीच कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा आदि सदस्य एवं पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर महिलाएं निभाएंगी महत्वपूर्ण दायित्वः कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

**जागरण अशोकनगर।**

आगामी रंगपंचमी 8 मार्च को जिले की बहादुरपुर तहसील के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेडी स्थित तीर्थ स्थाल मां जानकी मंदिर करीला धाम पर आयोजित होने वाले वार्षिक करीला मेला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय विभागों में पदस्थ महिला अधिकारीए कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।




बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि इस वर्ष करीला मेला 08 मार्च रंगपंचमी का पर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन आयोजित हो रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण की व्यवस्थाओं का दायित्व महिला अधिकारियों को सौंपा जाएगा। नारी सशक्तिकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा। हेलीपेड से लेकर माता जानकी मंदिर दर्शन तथा मंच व्यवस्था तक की जिम्मेदारी महिला विंग की रहेगी। उन्होंने करीला मेला की तैयारियों की अंतिम रिहर्सल 05 मार्च को कराये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी कार्यालयों में अपडेट रखी जाए। उन्होंने किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण लक्ष्यानुसार लगाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग की समीक्षा करते हुए शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिले में सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दुर्घटना स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

बैठक में समय सीमा के लंबित पत्रोंए वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले पत्रोंए जनसुनवाई के आवेदनों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित विभागीय समितियों का गठन, अग्रिम खाद भण्डारण, कलेक्टर्स कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन, लखपति दीदी अंतर्गत बैंकों द्वारा ऋण वितरण की प्रगति, ग्रामों में पेयजल स्त्रोतों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

# खाद्य विभाग की कार्रवाई मिठाई दुकानों से लिए सैंपल

**जागरण अशोकनगर।**




शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा होली के त्यौहार के चलते लगातार सघन जांच कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा न्यू बस स्टेन्ड, विवेक टाकीज गली, पछाड़ीखेडा रोड़ एवं विदिशा रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा संदेह के आधार पर कोलुआ रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान ब्रदर्स रेस्टोरेंट से मिलावट की आशंका पर मिल्क केक एवं सादा बर्फी का, श्री बाहुबलि रेस्टोरेंट, विवेक टॉकीज गली से ईमरती तथा बेसन लड्डू का तथा राजाराम मिष्ठान भंडार से बूंदी लड्डू, दूध बर्फी तथा नमकीन का नमूना लिया गया तथा साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गए।

# डिवाइडर पार कर कंटेनर से भिड़ी कार, एनएच-46 पर भीषण हादसा पति-पत्नी सहित तीन गंभीर

**जागरण, शिवपुरी।** बदरवास थाना क्षेत्र में मंगलवार को नेशनल हाईवे-46 पर रफ्तार का कहर देखने को मिला। सिल्वर पार्क के पास गुना की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जा पहुंची और सामने से आ रहे कंटेनर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार उछलकर दोबारा डिवाइडर पर पलट गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार शिवकुमार पुत्र बनवारी लाल उनकी पत्नी वर्षा और वाहन चला रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, वर्षा शहर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में नर्स के रूप में सेवाएं दे रही हैं। टक्कर के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही बदरवास थाना पुलिस की डायल 112 टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पायलट हर्षवर्धन भार्गव और पुलिसकर्मी अंकेश रघुवंशी ने बिना देर किए घायलों को वाहन से बाहर निकाला और बदरवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## न्यूज कार्नर

### यादव गवली समाज ने निकाली पारंपरिक गैर

**देवास।** होली के पावन अवसर पर मंगलवार को यादव गवली समाज द्वारा पारंपरिक गैर निकाली गई। समाज के युवा एवं वरिष्ठजन ढोल-नगाड़ों के साथ रंग-गुलाल उड़ाते हुए पूरे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। गैर के दौरान शहर में भाईचारे, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। गैर के क्रम में समाजजन एक शोकाकुल परिवार के घर भी पहुंचे, वहां दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी गई। समाज के सदस्यों ने परिवारजनों को रंग-गुलाल लगाकर यह संदेश दिया कि समाज सुख-दुख हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। इसके पश्चात गवली मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में सामाजिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें वर्ष भर की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

### 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**खातेगांव।** नेमावर में मंगलवार को 24 वर्षीय युवक सोनू पिता भैया लाल केवट ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए खातेगांव के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### सतवास पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**सतवास।** होली के त्यौहार को लेकर सतवास में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। होली के साथ-साथ रमजान का महीना भी चल रहा है। इसी को देखते हुए नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। एएसपी सौम्या जैन ने बताया कि पुलिस पूरी तरह तैयार है। आगामी होली त्यौहार को देखते हुए थाना सतवास क्षेत्र में रिजर्व पुलिस बल थाना सतवास की टीम और एसडीओपी कन्नौद के साथ नगर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि आज विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। जबकि 3 और 4 तारीख को होली का पर्व मनाया जाएगा। कुछ स्थानों पर 3 तारीख को भी होलिका दहन प्रस्तावित है। एएसपी ने बताया कि त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

### केपी कॉलेज में युवा संसद का आयोजन

**देवास।** विकसित भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। युवा संसद का शुभारंभ प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या प्राचार्य शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास मूल्यों एवं संवेधानिक दायित्वों के प्रति विद्यार्थियों की जागरूक करने का प्रयास है। जिला स्तरीय युवा संसद 2026 में देवास जिले के शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयो के पंजीकृत विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागी भोपाल विधानसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करेगें। तत्पश्चात राज्य स्तर पर विजयी होने पर प्रतिभागियो को दिल्ली स्थित संसद में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। इपमें तनुजा सेंधव सोनकच्छ, सिद्धार्थ साहु कन्नोद, नीरज गुर्जर केपी देवास, किशन सिंह विज्ञान देवास, राजवीर सेंधव हाटपीपल्या शामिल है। जिला स्तर युवा संसद के सफल संचालन के लिए डॉ. ममता शाक्य, प्रो. संदीप नागर, प्रो. राकेश कोठीया, प्रो. अंजली अग्रवाल, प्रो. गिरीश शिव, प्रो. श्याम कापडे, प्रो. प्रेमलता चौहान, प्रो. उषा गौड़, प्रो. निगम, प्रो. शिवानी पटेल, प्रो. अंकुर विश्वकर्मा, प्रो. मेघा वाजपेयी, प्रो. संगीता गुप्ता का सहयोग रहा। अंत में आभार डॉ. ममता शाक्य ने माना।

# बंगाली कारीगर को पुलिस ने बिहार से धरदबोचा

## देवास के सराफा बाजार से एक किलो सोना लेकर हुआ था फरार




**देवास।** देवास पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता दिखाते हुए देवास सराफा बाजार से एक किलो सोना लेकर भागे बंगाली कारीगर को कुछ ही घंटे बाद उत्तरप्रदेश और बिहार पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। सोमवार को देवास के सराफा व्यापारियों ने बंगाली कारीगर अफसर अली पिता अजगर अली के खिलाफ कोतवाली थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि अफसर अली पिछले 30 साल से देवास में स्वर्ण आभूषण बनाने का काम करता है और इस बार भी हमने उसे लगभग 1 किलो सोना आभूषण बनाने के लिए दिया था, किंतु वह पिछले एक सप्ताह से आना-कानी कर रहा है और अचानक परिवार के साथ गायब हो गया है। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लिया और तत्काल अफसर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चारों ओर नाकाबंदी कर दी। साथ ही अन्य जिलों व अन्य प्रदेश को इस संबंध में सूचना दी। फलस्वरूप अफसर अली को कुछ ही घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि अफसर अली को बिहार पुलिस के सहयोग से सासाराम क्षेत्र में पकड़ा है। उसे पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। पुलिस को यह सफलता लगभग 1100 किलोमीटर से मिली है। संभवतः पुलिस आज या कल में अफसर अली को देवास लेकर आएगी और फिर मामले का खुलासा होगा।



# चामुण्डा टेकरी का पाथ-वे बना असामाजिक तत्वों का अड्डा



**देवास।** चामुण्डा टेकरी के आसपास एक सुंदर पाथ-वे का निर्माण कर जिला प्रशासन ने देवास वासियों को बड़ी सौगात दी थी, जिस पर प्रतिदिन सुबह-शाम सैकड़ों श्रद्धालु घूमने आते है, किंतु इन दिनों यह पाथ-वे असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। शाम ढलते ही यह तत्व शराब की बोतल, गांजा, चरस आदि नशीले पदार्थ लेकर पाथ-वे पर बैठ जाते है और नशा करने के बाद पाथ-वे पर लगी आराम कुर्सियों व अन्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाते है। वर्तमान में पाथ-वे पर लगी लगभग सभी आराम कुर्सी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। अब इन कुर्सियों पर श्रद्धालुओं का बैठना मुश्किल हो गया है। इस ओर यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया तो पाथ-वे पूरी तरह जर्जर हो जाएगा और देवास वासियों को मिली बड़ी सौगात निराशा में बदल जाएगी।

## गंगाबाई गुप्ता का निधन, नेत्रदान किए



**देवास।** बरोठा के प्रतिष्ठित व्यापारी स्व. गणपतलाल गुप्ता की धर्मपत्नी, केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव गिरधर गुप्ता एवं भाजपा नेता राजेश गुप्ता की माताजी श्रीमती गंगाबाई गुप्ता का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा ग्राम बरोठा स्थित निवास से निकाली गई, जिसमें नगर एवं आसपास क्षेत्र के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, केमिस्ट संघ के सदस्य, ग्रामीणजन तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। सभी ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गुप्ता परिवार ने इस दुखद घड़ी में एक प्रेरणादायक और सराहनीय निर्णय लेते हुए श्रीमती गंगाबाई की आंखों का दान किया। नेत्रदान के इस पुनीत कार्य से दो जरूरतमंदों को नई रोशनी मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## दरगाह पर होली, हिंदू-मुस्लिम ने एक साथ उड़ाया गुलाल



**सोनकच्छ।** स्थानीय दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने होली का त्योहार मिलकर मनाया। सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में दोनों समुदायों के लोग एक साथ नजर आए। जिन्होंने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। माहौल में पूरी तरह से भाईचारे और प्रेम दिखाई दिया। इस अवसर पर सोदानसिंह पवार, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भुरू शेख, विजय परमार, इमरान शेख, भादर भाटी, गुड्डू शर्मा, किशोर गौड़, रामू पंडित, तरुण पहलवान, दीपक गोस्वामी, समीर शेख आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि समीपस्थ ग्राम गंजपुरा में सालाना उर्स का आयोजन भी धूमधाम से होता है, जिसमें अनेक हिंदू समाजजन हिस्सा लेते हैं। वही परंपरा सोमवार को होली के रूप में भी देखने को मिली, जिसने क्षेत्र में एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

# युवक ने आदिवासी युवती पर किया चाकू से हमला

### देर रात को बीएनपी थाना पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज



**देवास।** सोमवार रात करीब 10 बजे चामुण्डापुरी में रहने वाली आदिवासी युवती पर उसी के घर में घुसकर एक मुस्लिम युवक ने पहले तो गालीगलौज की और युवती ने विरोध किया तो चाकू से हमला कर दिया। फलस्वरूप युवती के गाल पर चोट आई। तभी आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर युवक फरार हो गया। उधर मामले की जानकारी मिलते ही बीएनपी थाना प्रभारी प्रीति कटारे भी मय दलबल के मौके पर पहुंची और युवती का मेडिकल कराने के बाद युवक के खिलाफ धारा 331 (6), 118 (1), 296 (वी), 115 (2), 351 (3), 3 (1) (द), 3 (1) (ध), 3 (2) (वीए) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी है। फरियादी रानू भामोर निवासी चामुण्डापुरी देवास ने बीएनपी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ समय पूर्व उसका विवाह संतोष निवासी झुग्गी-झोपड़ी गजरा गियर्स चौराहा के साथ हुआ था। इसी दौरान मेरी जान-पहचान अल्ताफ उर्फ गंगा पिता रफीक खान से हुई थी, बाद में मेरा पति मजदूरी करने के लिए कहीं बाहर चला गया और मैं अपनी मां और बहनों के साथ चामुण्डापुरी में रहने लगी। शिवरात्रि से मेरी मां और बहन मजदूरी के लिए सीहोर चली गई। तब से मैं अपने दोनों बच्चों के साथ अकेली रह रही थी। 2 मार्च की रात को 10 बजे जब मैं घर में बच्चों के साथ थी, तब अल्ताफ दरवाजा को धक्का देकर घर में घुस आया और मुझे जातिसूचक गालीगलौज करने लगा। जिसके मैंने विरोध किया तो उसने चाकू से मुझ पर हमला कर दिया, जो मेरे गाल पर लगा। चिल्ला-पुकार की आवाज आने पर आसपास रहने वाले लोग आए और उन्होंने बीच-बचाव किया, तब जाते-जाते मुझे अल्ताफ ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अल्ताफ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में टीआई प्रीति कटारे ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश में टीम रवाना कर दी है, जल्दी ही उसकी गिरफ्तारी होगी।

### जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता हुए सक्रिय

देर रात को जब अस्पताल में बैठकर रो रही युवती का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी सक्रिय हो गए और वे अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने युवती से चर्चा करने के बाद उसकी मदद के लिए बीएनपी थाने भी गए।

# होलिका दहन के बाद मेले में गल पर घूमे पड़ियार



**सोनकच्छ।** मंगलवार अलसुबह नगर व अंचल में पारंपरिक त्यौहार होलिका का दहन समिति के प्रमुख लोगों सहित विशिष्टजनों द्वारा किया गया। तत्पश्चात अधिकांश लोग समाज स्तर पर निकलने वाली गैर में शामिल होकर नगर के शोकाकुल परिजनों को रंग-गुलाल करने पहुंचे। इस दिन होली होने से नगर के सभी बाजार बंद रहते है। अधिकांश लोग पार्टी-पिकनिक मनाते है, तो कई आसपास के गांवों में लगने वाली जत्रा का आनंद लेते है। वहीं समीपस्थ ग्राम घट्टियाभाना में धुलेंडी के अवसर पर लगने वाला मेघनाथ मेला संपन्न हुआ। मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए। गल पर घुमने वाले पड़ियार कनेरिया निवासी देवीसिंह का गांव में ढोल-ढमाकों के साथ जुलूस निकाला। ग्रामीणों द्वारा पड़ियार को तिलक लगाकर अपनी इच्छाशक्ति अनुसार भेंट-पूजा प्रदान दी। रस्मों के बाद समय आया उस महत्वपूर्ण पल का जिसे देखने के लिए हजारों लोग सैकड़ों वर्षों से ग्राम घट्टियाभाना में आते है और वह पल था करीब 42 फीट ऊंचे खंबे (लाट) पर पड़ियार को चढ़ाकर उसे घुमाने का। ऊंचाई पर चढ़ने के बाद पड़ियार को चारपाई पर लेटाकर उनके सहयोगियों द्वारा पीठ पर रीड़ की हड्डी के आसपास चमड़ी में छेद कर लोहे के 2 हुक डाले गए। इसके बाद इन हुकों के छेदो मे से रस्सी निकालकर रस्सी को खंबे के उपरी सिरे पर रखी हुई लकड़ी के एक सिरे से कसकर बांधने के बाद इस लकड़ी के दूसरे सिरे से एक रस्सी को नीचे की ओर लटका कर गोल चक्कर लगाया गया। गत वर्ष की तरह इस वर्ष अगेरा निवासी पड़ियार अरविंद सिंह के अनुयायियों के आग्रह पर उन्हें भी गल पर घुमाया गया। इस दौरान देवस्थान और मेला परिसर में उपस्थित हजारों लोगो द्वारा मेघनाथ महाराज की जय के जयघोष लगाए। क्षेत्र के हजारों लोगों इस दृश्य को देखने यहां पर आते है। मान्यताएं है कि यहां पर पूजा-अर्चना कर मांगी गई मनोकामनाएं पुरी होती है। मेला समिति द्वारा इस वर्ष से मेला 1 दिन के बजाए 2 दिन लगाने का निर्णय लिया गया।



# जेल महानिदेशक ने किया जेल में कैंटीन का शुभारंभ

**देवास।** जिला जेल में जिला जेल अधिकारी/कर्मचारी कैंटीन संस्था मर्यादित देवास का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरूण कपूर महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं मप्र भोपाल रहे। उनके साथ श्रीमती कपूर एवं मनोज साहू जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल उज्जैन भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद एवं उपअधीक्षक अनिल दुबे द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात महानिदेशक ने फीता काटकर कैंटीन का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं पुरुष बंदियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि कैंटीन संस्था केवल सुविधा नहीं, बल्कि एक सकारात्मक सुधारात्मक पहल है। इसके माध्यम से बंदियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं बिस्किट, नमकीन, सेव, टोस्ट, मिठाई, मौसमी फल, सलाद, कॉस्मेटिक सामग्री, पूजन सामग्री, सौंफ, सुपारी, लौंग, इलायची, आंवला आदि-उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य बंदियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं नशामुक्ति को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि जेल की आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन हेतु विभिन्न प्राक्कलन जेल मुख्यालय भोपाल को स्वीकृति के लिए प्रेषित किए गए हैं। गौशाला में पशुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नवीन शेड निर्माण तथा कर्मचारियों के जर्जर आवासों की मरम्मत एवं नए आवास निर्माण हेतु भी प्रस्ताव भेजे गए हैं। मुख्य अतिथि वरूण कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि जेल केवल दंड देने का स्थान नहीं, बल्कि सुधारगृह है, जहां शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं एवं नैतिक-धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बंदियों को समाज की मुख्यधारा में पुर्नस्थापित किया जाता है। उन्होंने प्रहरी संवर्ग को पुलिस विभाग के समान 13 माह वेतन स्वीकृति, कर्मचारियों के आवासों के लिए राशि आवंटन तथा जिला जेल देवास द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने जिला जेल देवास में निरुद्ध दंडित बंदियों को 15 दिवस के विशेष परिहार (रिमिशन) की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वैशाली भारद्वाज फार्मासिस्ट ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एच.एन बाथम सहित जेल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## युवा कांग्रेस के आंदोलन में शामिल हुए चौहान




**देवास।** पिछले दिनों एआई समिट में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा युवा कांग्रेस के 10 से अधिक कार्यकर्ताओं सहित युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु को भी गिरफ्तार किया गया, जिन्हें आज तक रिहा नहीं किया गया। इसी को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा दिल्ली में आंदोलन किया जा रहा है, जिसमें देवास से किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान अपने साथियों के साथ शामिल हुए। इस दौरान चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता डरेगा नहीं, ना ही झुकेगा, हम जब तक आंदोलन करते रहेंगे, तब तक हमारे अध्यक्ष और हमारे साथियों की रिहाई नहीं हो जाती है।

### हर्षोल्लास से मनाया होलिका पर्व



**पीपलरावां।** समीपस्थ ग्राम घिचलाय में हताई चौक, नीम वाला मंदिर एवं बस स्टैंड पर चलती आ रही परंपरा अनुसार होलिका की पंडित पंकज शर्मा, अनिल शर्मा द्वारा पूजा कर जगह-जगह पर वरिष्ठों द्वारा होलिका दहन किया गया। तत्पश्चात गांव में गैर निकाली गई। वहीं एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होलिका उत्सव मनाया। इस अवसर पर रामप्रसाद पटेल, डॉ. राजेश धाकड़, रामेश्वर पटेल, प्रहलादसिंह धाकड़, परमानंद धाकड़, राधेश्याम धाकड़, कुलदीप धाकड़, इंदर पटेल, नारायण सोनी, मनोहर चौकीदार, पुराण सिंह आदि मौजूद रहे।

## अमलतास विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों ने मनाया होली महोत्सव



**देवास।** रंगों का त्यौहार होली जब खुशियों की बयार बनकर हर मन को रंग देता है, तब दिव्यांग बच्चों की मुस्कान और उमंग इसे और खास बना देती है। अमलतास विशेष विद्यालय में इस बार की होली कुछ अलग रही, यह सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि उम्मीदों, प्रेरणाओं और समाज सुधार के संकल्पों का उत्सव बना। अमलतास विशेष विद्यालय के प्रांगण में जब रंग-बिरंगे फूलों और गुलाल से होली खेली गई, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति भावविभोर हो गया। इन बच्चों ने अपनी मासूमियत और उत्साह से यह साबित कर दिया कि सच्ची खुशी किसी भी शारीरिक सीमाओं की मोहताज नहीं होती। उनका उल्लास देखकर कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो गया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. भारती लाहोरिया ने कहा कि रंगों का यह पर्व हमें प्रेम, समानता और समावेशिता का संदेश देता है। हमारे विशेष बच्चे अपनी अनोखी प्रतिभा से इस दुनिया को और खूबसूरत बनाते हैं, और हमें उन पर गर्व है। अमलतास विवि कुलपति डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत, कुलसचिव संजय रामबोले, प्रबंधक डॉ. मनीष शर्मा, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं मनोरोग विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रूपेटा तहसील देवास जिला देवास स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा क्रमांक 98 हल्का नंबर 100. रकबा 0.090 जो कि तेजराम जेलवाय पिता बुद्धा जी पता रूपेटा देवास के स्वामित्व एवं आधिपत्य की है, को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया होकर बयाना राशि विक्रेता को ऑनलाइन अदा कर दिया है। उक्त जमीन पेटे किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र पने पक्ष में निष्पादित करवा लेंगे।

**सचिन कुमावत, एडवोकेट**
फ्लोर नंबर 2, चामुण्डा कॉम्प्लेक्स, बिल्डिंग, देवास (म.प्र.)
मो.नं. 8103245557. 9303340969